अमरनाथ गुफा तीर्थ तक मोटर योग्य सड़क

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation- BRO) ने एक मोटर योग्य सड़क का निर्माण पूरा कर लिया है जो कश्मीर की लिद्दर घाटी में अमरनाथ गुफा तीर्थ **को बालटाल आधार शिविर** से जोड़ती है, जिससे भक्तों के लिये तीर्थयात्रा अधिक सुलभ और आरामदायक हो गई है।

- यह सुविधा बालटाल सड़क (Baltal Road) के सफल उन्नयन के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई, जो **प्रोजेक्ट बीकन (Project Beacon)** के निरंतर प्रयासों के माध्यम से हासिल की गई एक उपलब्धि है।

नोट:

- प्रोजेक्ट बीकन **BRO का सबसे पुराना उपक्रम है**, इसकी स्थापना 18 मई, 1960 को हुई थी, **इसका मुख्यालय श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में था**।
  - इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्तमान में कश्मीर के प्रमुख क्षेत्रों में **सड़क अवसंरचना के विकास एवं रखरखाव** का ध्यान रखा जाता है।

अमरनाथ गुफा तीर्थ के संबंध में प्रमुख तथ्य क्या हैं?

- अमरनाथ पर्वत के दक्षिण में एक गुफा है जो **अमरनाथ गुफा** के नाम से प्रसिद्ध है। यह गुफा **अमरनाथ मंदिर** स्थल है, जो भारत के जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग ज़िले की **पहलगाम** तहसील में स्थित एक प्रमुख हिंदू मंदिर है।
  - यह तीर्थ स्थल 3,800 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, जो तीर्थयात्रा की चुनौतीपूर्ण प्रकृति में योगदान देता है।
- **अमरनाथ शिखर, हिमालय** का एक हिस्सा, जम्मू-कश्मीर के गांदरबल ज़िले में, सोनमर्ग के आसपास, 5,186 मीटर की ऊँचाई वाला एक पर्वत है
- अमरनाथ यात्रा अमरनाथ गुफा की एक वार्षिक तीर्थयात्रा है, जहाँ भक्त **बर्फ द्वारा निर्मित एक आकृति पर श्रद्धा अर्पित करते हैं**, जिसे भगवान शिव का लिंग (शिवलिंग) माना जाता है।
  - बर्फ की वह आकृति प्रत्येक वर्ष **गर्मियों के महीनों** के दौरान बनती है तथा जुलाई और अगस्त में अपने अधिकतम आकार तक पहुँच जाती है, जब हज़ारों हिंदू श्रद्धालु गुफा की वार्षिक तीर्थयात्रा करते हैं।
- **पारंपरिक पहुँच मार्ग:**
  - तीर्थयात्री ऐतिहासिक रूप से दो मार्गों **पहलगाम और सोनमर्ग के माध्यम से मंदिर तक पहुँचते थे, दोनों लिद्दर घाटी में स्थित हैं**, प्रत्येक मार्ग कठिन चुनौतियाँ पेश करता था।
  - तीर्थयात्रियों के पास मंदिर से 6 किमी. दूर स्थित बालटाल से पंचतरणी तक हेलिकॉप्टर सेवाओं का उपयोग करने का विकल्प भी था। हालाँकि पारिस्थितिक चिंताओं के कारण सीधे मंदिर तक सेवाएँ बंद कर दी गईं।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/motorable-road-to-amarnath-cave-shrine